देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 12 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
अंतरराष्ट्रीय एकजुटता
पहली बार



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 4 अप्रैल 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 16.0°

27625.09

2 दुनिया में गहराया मंदी का खतरा

7 खेल से जुड़े 40 दिग्गजों से की बात

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस को शक... कि खुद मौलाना साद भी हैं कोरोना से संक्रमित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। पिछले दिनों दिल्ली के निजामुद्दीन में तबलीगी जमात का एक कार्यक्रम हुआ था, जिसमें 3000 से भी अधिक लोग शामिल हुए थे। अब पता चल रहा है कि तबलीगी जमात के बहुत सारे लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इसी बीच पुलिस ने जमात के अहम लोगों को नोटिस जारी करना शुरू किया है क्योंकि उन्होंने लॉकडाउन का उल्लंघन किया। मुस्लिम धर्मगुरू मौलाना साद कांधलवी को भी पुलिस ने नोटिस जारी किया है। पुलिस को शक है कि मौलाना खुद भी कोरोना वायरस से संक्रमित हैं, क्योंकि एक मैसेज में उन्होंने कहा है कि डॉक्टर की सलाह पर वह अभी सेल्फ क्वारेंटीन में रह रहे हैं।

### स्पेन के इस शहर ने खुद को दुनिया से किया अलग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
मैड्रिड। कोरोना वायरस से बढ़ते मौत के आंकड़ों से घबराए दक्षिणी स्पेन के एक शहर ने खुद को बाकी दुनिया से काट लिया है। 14 मार्च को जाहरा डे ला सिएरा शहर के मेयर ने शहर के प्रवेश द्वार को बंद करने का निर्देश दिया। जिसके बाद यहां बाहरी व्यक्तियों के आने पर पाबंदी लग गई है। स्पेन के दक्षिणी भाग में स्थित जाहरा डे ला सिएरा ऐतिहासिक शहर है।

### संदिग्धों की तलाश में छापे शुरू, दिल्ली में 15 विदेशी मिले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। निजामुद्दीन स्थित मरकज तबलीगी जमात प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज होते ही मंगलवार को दिल्ली पुलिस की चाल तेज हो गयी। मामले की जांच भले ही दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा कर रही हो, मगर एफआईआर दर्ज होती ही जिलों की भी पुलिस हरकत में आ गयी। क्राइम ब्रांच छापे मारी शुरू करती उससे पहले ही थाने की पुलिस काम पर लग गयी।

# एक दीया देश के नाम

पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम वीडियो संदेश जारी किया

## पीएम मोदी ने 5 अप्रैल को देश से मांगे 9 मिनट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम जारी अपने वीडियो मेसेज में देशवासियों से 5 अप्रैल, रविवार को रात नौ बजे घरों सारी बत्तियां बुझाकर 9 मिनट के लिए मोमबत्ती, दिया, टॉर्च या मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाने का आग्रह किया।

पीएम ने कहा, रविवार 5 अप्रैल को कोरोना के संकट को चुनौती देनी है। उसे प्रकाश की ताकत का परिचय कराना है। इस 5 अप्रैल को 130 करोड़ देशवासियों की महाशक्ति का जागरण कराना है। 5 अप्रैल, रविवार को रात नौ बजे मैं आप सबके 9 मिनट चाहता हूं। आप रात नौ बजे घर की सभी लाइटें बंद करके घर के दरवाजे या बालकनी में मोमबत्ती, दिया, टॉर्च या मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाएं।

**एक-एक दिए से होगा उजाले का अहसास:** प्रधानमंत्री ने कहा, चारों तरफ हर व्यक्ति जब एक-एक दिया जलाएगा तो प्रकाश की उस महाशक्ति का अहसास होगा, जिसमें यह उजागर होगा कि हम एक ही मकसद से एकजुट होकर लड़ रहे हैं। देश जब इतनी बड़ी लड़ाई लड़ रहा हो तो हमें जनता-जनार्दन के विराट स्वरूप, उनकी अपार शक्ति का लगातार साक्षात्कार करते रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब करोड़ों लोग घरों में हैं तब किसी को लग सकता है कि वो अकेला क्या करेगा? उन्होंने कहा, यह लॉकडाउन का समय जरूर है, हम अपने-अपने घरों में जरूर हैं, लेकिन हममें से कोई अकेला नहीं है। 130 करोड़ देशवासियों की सामूहिक शक्ति हर व्यक्ति के साथ है, हर व्यक्ति का संबल है।



### मोदी की खास अपील, आयोजन में घरों से नहीं निकलें

मोदी ने लोगों से यह भी अपील की कि इस 9 मिनट के आयोजन के समय किसी को भी, कहीं पर भी इकट्ठा नहीं होना है। दरअसल, 22 मार्च को जनता कर्फ्यू के दौरान शाम पांच ताली, थाली, घंटी आदि बजाकर कोरोनावीरों का धन्यवाद किए जाने की अपील पर कई लोग घरों से बाहर निकल गए थे। देश के कुछ इलाकों से ऐसी तस्वीरें आईं जिनमें लोगों को भीड़ जुटाकर जश्न मनाते देखा गया। पीएम ने उन्हीं दृश्यों के मद्देनजर इस बार लोगों को घरों में रहकर ही 9 मिनट का आयोजन संपन्न करने की हिदायत दी।

### अब दुनिया बजा रही है ताली, थाली, घंटी

प्रधानमंत्री ने 22 मार्च को जनता कर्फ्यू के दौरान शाम 5 बजे कोरोनावीरों के सम्मान में ताली, थाली और घंटी आदि बजाने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, श्आपने 22 मार्च को कोरोनावीरों के प्रति जिस तरह धन्यवाद दिया, वह कई देशों के लिए मिसाल बन गया। आज सभी देश इसे दोहरा रहे हैं। मोदी ने कहा कि ताली, थाली, घंटी बजाने से प्रकट हुआ कि देश संकट के वक्त एकजुट हो सकता है। लॉकडाउन के वक्त आप सभी की सामूहिकता चरितार्थ होती नजर आ रही है। इस अंधकारमय कोरोना संकट को पराजित करने के लिए प्रकाश के तेज को चारों दिशाओं में फैलाना है।

## मृतक संख्या बढ़कर 56 हुई, कुल 2,301 लोग संक्रमित

# तबलीगी की लापरवाही, 14 राज्यों में 647 कोरोना मरीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि अभी तक पूरे देश में 2301 कोरोना वायरस केस सामने आ चुके हैं, 56 लोगों की मौत इस महामारी से हुई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने बताया कि पिछले दो दिनों में तबलीगी जमात के सदस्यों की वजह से 14 राज्यों में कोरोना के 647 मरीज सामने आए हैं। पिछले 24 घंटों में हुई 12 मौतों में से कई तबलीगी जमात से जुड़े हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने बताया कि देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना के कुल 336 नए मामले सामने आए। देश में एक कार्यक्रम की वजह से कोरोना के मामले बढ़े हैं। ऐसी घटनाओं से सारे प्रयास फेल हो जाते हैं। दिल्ली में कोरोना के 141 नए मामले सामने आए हैं जिनमें 129 तबलीगी जमात से जुड़े हुए हैं। लव अग्रवाल ने कहा कि हमें समझना होगा कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई चल रही है। ऐसे में हमारी एक गलती की वजह से हम और पीछे चले जाएंगे।

### गृह मंत्रालय ने दो नई हेल्पलाइन की शुरुआत की

गृह मंत्रालय की ओर से बताया गया कि तबलीगी जमात के 960 विदेशियों के वीजा कैंसिल कर दिया गया है। उन्हें ब्लैकलिस्ट किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के कंट्रोल रूम में अब तक 7 हेल्पलाइन नंबर थे। दो नई हेल्पलाइन की और शुरुआत की गई है। ये हैं- 1930 (ऑल इंडिया टोल फ्री नंबर) और 1944 (नॉर्थ ईस्ट के लिए डेडिकेटेड)। हेल्पलाइन नंबर गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## भुवनेश्वर, कटक व भद्रक में 48 घंटे की पूर्ण बंदी

भुवनेश्वर। देश भर में जारी 21 दिवसीय लॉकडाउन के बीच ओडिशा सरकार ने एक बड़ी घोषणा की है। 48 घंटे के लिए राजधानी भुवनेश्वर, कटक एवं भद्रक शहर को पूरी तरह से शट डाउन कर दिया गया है। यह सम्पूर्ण शट डाउन शुक्रवार रात 8 बजे से रविवार रात 8 बजे तक लागू रहेगा। यह जानकारी मुख्य सचिव असीत त्रिपाठी ने दी है।

मुख्य सचिव त्रिपाठी ने कहा है कि 5 कोरोना पॉजिटिव मिलने से इन दोनों शहरों में 48 घंटे के लिए शट डाउन (पूर्ण बंदी) का फैसला लिया गया है। 5 संक्रमित व्यक्तियों में से 4 राजधानी भुवनेश्वर से हैं, जबकि एक भद्रक शहर से है। हालांकि पांचवें संक्रमित व्यक्ति ने हर किसी को सकते में डाल दिया है। यह व्यक्ति ना ही विदेश गया था और ना ही देश के अन्य किसी राज्य का दौरा किया है। यह व्यक्ति किस प्रकार से संक्रमित हुआ है उस संदर्भ में पूरी छानबीन करने के लिए 48 घंटे का शट डाउन किया गया है।

# कानून का पालन करना सिखा देंगे

### जमातियों के दुर्व्यवहार पर सीएम योगी सख्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद के हॉस्पिटल में आइसोलेशन में रखे गए तबलीगी जमात के लोगों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार पर सख्त रूख अपनाया है। सीएम योगी ने मामले में कड़ी कार्रवाई के आदेश देते हुए कहा कि ऐसी प्रवृत्ति के लोगों के साथ पूरी सख्ती बरती जाएगी और उन्हें कानून का पालन करना सिखा देंगे।

मुख्यमंत्री योगी ने गाजियाबाद की घटना पर संज्ञान लेते हुए कहा, कानूनन जो भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी हो वो करिए। गाजियाबाद में जिन लोगों ने ये हरकत की, उस प्रवृत्ति के लोगों के साथ पूरी सख्ती करो और उन्हें कानून का पालन कराना सिखाओ। बता दें कि गाजियाबाद के एमएमजी में भर्ती जमातियों के द्वारा लगातार अस्पताल स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया। ये लोग नर्सों के सामने ही बदलने के लिए कपड़े खोल देते हैं। अश्लील हरकत करने और बीड़ी-सिगरेट मांगे जाने की भी शिकायत की गई थी।

गाजियाबाद में नर्सों के साथ अभद्रता के बाद बड़ा फैसला लिया गया है। अब तबलीगी जमात के लोगों की चिकित्सा एवं सुरक्षा में महिला स्वास्थ्यकर्मी और महिला पुलिसकर्मी नहीं लगाई जाएंगी। केवल पुरूष कर्मचारी ही मौजूद रहेंगे।

# सरकार ने 960 को किया ब्लैक लिस्ट

41 देशों के नागरिकों ने भाग लिया था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली को कोरोना का हॉटस्पॉट बना देने वाले निजामुद्दीन स्थित मरकज में आयोजित तबलीगी जमात कार्यक्रम में 41 देशों के नागरिकों ने भाग लिया था। इसमें ईरान और फ्रांस जैसे देशों के भी नागरिक शामिल थे, जहां कोरोना कहर बरपा रहा था। सरकार ने देश में कोरोना का खतरा बढ़ा देने वाली इस लापरवाही को लेकर जमात पर सख्त ऐक्शन लिया है। देशभर में घूम रहे तबलीगी जमात के 960 विदेशी सदस्यों को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है। सभी के वीजा रद्द कर दिए गए हैं और उन्हें डिपोर्ट करने की तैयारियां भी चल रही हैं।

तबलीगी जमात के जिन 960 विदेशी कार्यकर्ताओं के नाम काली सूची में डाले गए हैं, उनमें चार अमेरिकी, नौ ब्रिटिश और छह चीनी नागरिक शामिल हैं। सरकारी सूत्रों ने बताया कि 41 देशों के करीब 960 लोगों ने इसमें भाग लिया था।


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in